(c) if no action has been taken as yet, what are the reasons for the inordinate delay ?

THE MINISTER OF FINANCE (PROF. MADHU DANDAVATE): (a) to (c) It is reported that Samrat Hotel, Patna is owned by M/s. Hotel Chanakya Pvt. Ltd. and the Cold Storage at Danapur is owned by M/s. Shankar Cold Storage Pvt. Ltd. Facts relating to investigation into the sources of investment for acquiring these properties and the facts pertaining to other properties referred to in part (a) of the Question are being ascertained and will be laid on the Table of the House.

राजस्थान में पर्यटन का विकास

345. **डा. अबरार अहमद खान** : क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में पर्यटन विकास पर केन्द्र सरकार द्वारा कितनी धनराशि व्यय की गयी तथा यह विकास कार्य किन-किन स्थानों पर किया गया तथा किन-किन कार्यों पर धनराशि व्यय की गयी ;

(ख) क्या केन्द्रीय सरकार सवाई माधोपुर मे पर्यटन के विकास के लिये कोई योजना बना रही है ; और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्र सरकार द्वारा पर्यटन विकास के लिये विभिन्न राज्यों को राज्यवार कितनी-कितनी धनराशि दी गयी ; और

(घ) पिछले वर्ष के दौरान तथा चालू वर्ष में अब तक कितने पर्यटक राजस्थान आये ?

वाणिज्य और पर्यटन मंत्री (श्री अरुण कुमार नेहरू) : (क) केन्द्रीय पर्यटन विभाग ने 101.03 लाख रुपये की परियोजनायें/स्कीमें मंजूर की हैं गत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान राज्य सरकार को उक्त राशि में से 56.75 लाख रुपये रिलीज किये जा चुके हैं। स्थानों और कार्यों का ब्यौरा विवरण-1 (नीचे **देखिये**) में दिया गया है।

(ख) सवाई माधोपुर को केन्द्रीय पर्यटन विभाग द्वारा राज्य सरकार के परामर्श से चरणबद्ध विकास करने हेतु अभिनिर्धारित किये गये यात्रा परिपथों में सम्मिलित किया गया है।

(ग) विवरण-2 में विभिन्न राज्यों को पिछले तीन वर्षों (1986-87 से 1988-89) के दौरान स्वीकृत और रिलीज की गयी वित्तीय सहायता का उल्लेख किया गया है।(नीचे देखिए)

(घ) एक ब्यौरा विवरण 3 के रूप में संलग्न है। (नीचे **देखिये**)

विवरण-1

गत तीन वर्षों (1986-87 से 1988-89 तक के दौरान स्थानों और कार्यों के लिए रिलीज की गई वित्तीय सहायता

क्रम सं.	परियोजना स्कीम का नाम
1.	जैसलमेर में पर्यटक बंगला
2.	थार मरुस्थल में कैमल सफारी
3.	ताल वृक्ष का विकास
4.	रामगढ़ झील , जयपुर के लिए नौकाएं

5. पोखरन में मार्गस्थ सुविधाएं
6. रणथम्बौर, भरतपुर और अलवर वन्य जीव अभ्यारण्यों के लिए मिनी बसों और जीपों की खरीद ।
7. फतेहसागर झील, उदयपुर के लिए नौकाएं
8. देवधर में मार्गस्थ सुविधाओं का निर्माण
9. मूमल पर्यटक बंगला, जैसलमेर में अतिरिक्त आवास सुविधाएं
10. माण्डवा में किओस्क
11. पुष्कर में पर्यटक काम्पलेक्स
12. बेहरोर में पर्यटक काम्पलेक्स
13. पन्ना पर्यटक बंगला, चित्तौड़ गढ में आवास सुविधाएं
14. महेन्सर में कैफेटेरिया का निर्माण
15. रणकपुर में पर्यटक बंगले का विस्तार
16. मरुस्थल राष्ट्रीय पार्क, जैसलमेर में कुटीरें
17. फतेहपुर, जिला सीकर में पर्यटक बंगले का निर्माण
18. रणथम्बौर में वन-गृह का नवीकरण
19. सिलिसर झील, जिला अलवर के लिए नौकाएं
20. शेखावटी उत्सव
21. चित्तौड़गढ़ जिले की प्रकाशपुंज व्यवस्था
22. चितौड़गढ के लिए मास्टर प्लान

विवरण 2

गत तीन वर्षों (1986-87 से 1988-89 तक) के दौरान विभिन्न राज्यों को स्वीकृत और रिलीज की गई वित्तीय सहायता

(लाख रुपए में)

क्रम सं.	राज्य का नाम	स्वीकृत राशि	रिलीज की गई राशि
1.	आन्ध्र प्रदेश	119.57	72.20
2.	अरुणाचल प्रदेश	39.19	15.00
3.	असम	48.83	42.40
4.	बिहार	53.49	37.00
5.	गोवा	5.40	7.72
6.	गुजरात	91.73	103.88

क्रम सं०	राज्य का नाम	स्वीकृत राशि	रिलीज की गई राशि
7.	हरियाणा	324.66	257.36
8.	हिमाचल प्रदेश	102.46	40.12
9.	जम्मू और कश्मीर	127.43	106.00
10.	केरल	650.54	355.70
11.	कर्नाटक	154.20	52.23
12.	मध्य प्रदेश	109.49	87.39
13.	महाराष्ट्र	91.61	46.00
14.	नागालैंड	57.15	38.10
15.	उड़ीसा	99.91	68.64
16.	राजस्थान	161.13	56.75
17.	सिक्कम	99.23	33.40
18.	मणिपुर	60.10	33.5
19.	मेघालय	50.22	31.00
20.	मिजोरम	68.81	38.00
21.	पंजाब	125.40	48.00
22.	तमिलनाड	301.94	155.13
23.	त्रिपुरा	72.53	30.00
24.	उत्तर प्रदेश	161.50	167.01
25.	पश्चिम बंगाल	299.28	89.37
	जोड़	3415.80	2011.65

विवरण 3

1988 और 1989 के दौरान राजस्थान की यात्रा करने वाले स्वदेशी और विदेशी पर्यटकों की संख्या बताने वाला विवरण

पर्यटकों की संख्या

वर्ष	स्वदेशी	विदेशी
1988	34,95,158	3,66,435
1989	38,30,681	4,14,572

नोट : राजस्थान राज्य सरकार के पास उपलब्ध आकड़ों की सूची के अनुसार ।